Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a laboratory to test vegetables, fruits and milk etc. at Sonauli crossing at Nepal border.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मेरा क्षेत्र नेपाल से सटे बार्डर पर है । सोनौली बार्डर पर हमारे किसानों का सैंकड़ों ट्रक सब्जी, फल और दूध निर्यात होता था ।

वह बड़े अच्छे तरीके से जाता था, जो नेपाल की भी पूर्ति करता था और किसानों को लाभ होता था, लेकिन नेपाल सरकार जांच के नाम पर तीन-चार ट्रकों को खड़ा रख रही है, जिससे किसानों का काफी नुकसान हो रहा है । मेरी भारत सरकार से यही मांग है कि नेपाल सरकार से बातचीत करके उनकी जो काठमांडु में लेबोरेट्री है, उसको वहां पर शिफ्ट कराए या भारत मदद करके सोनौली में प्रयोगशाला स्थापित कराए, ताकि किसानों का नुकसान न हो ।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री पंकज चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।